


गाजियाबाद , दिल्ली एवं नोएडा से एक साथ प्रकाशित

R.N.I.NO. UPHIN/1998/202

# हिन्द आत्मा



केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु स्वीकृत दैनिक प्रातः कालीन संस्करण

दिल्ली-एनसीआर, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मेरठ, मोदीनगर, बागपत, हापुड, बुलन्दशहर, मुरादाबाद एवं लखनऊ में सर्वाधिक प्रसारित

● वर्षः 27 ● अंकः 57 ● गाजियाबाद, मंगलवार 27 मई, 2025 ● सम्पादक-अशोक कौशिक ● मूल्य : 1 रूपया


### कच्छ में प्रधानमंत्री ने किया 53,400 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

# अपना तिरंगा झुकना नहीं चाहिए: मोदी



**दाहोद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भुज में आयोजित विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने 53,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। बिजली क्षेत्र की परियोजनाओं में खावड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क में उत्पादित अक्षय ऊर्जा की निकासी के लिए ट्रांसमिशन परियोजनाएं, ट्रांसमिशन नेटवर्क विस्तार और तापी में एक अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट इकाई शामिल हैं। इनमें कांडला बंदरगाह और गुजरात सरकार की कई सड़क, जल और सौर परियोजनाएं भी शामिल हैं। कच्छ की इस पावन धरा पर से मैं सभी को प्रणाम करता हूं। मेरा और कच्छ का पुराना नाता है। आप लोगों को प्यार इतना है कि मैं खुद को कच्छ आने से रोक नहीं पाता। मैं राजनीति से पहले भी कच्छ की धरती पर आता था और यहां के चप्पे-चप्पे से वाकिफ हूं। कच्छ के लोग और उनका आत्मविश्वास मेरे जीवन का दिशा देते हैं। नई पीढ़ी को पता नहीं होगा, पुराने समय में हालात कुछ और थे। मैं जब सीएम था लोग गिनते थे कि मैं कितनी बार यहां आया। लोग कहते थे कि मोदी जी ने सेंचुरी लगा दी है। आम लोगों से कार्यकताओं के घर और कार्यालयों में जाना मेरे लिए आम बात थी। इस दौरान



पीएम मोदी ने कहा- हम अपनी जरूरत और दुनिया की जरूरत के लिए भारत में ही जहाज बनाएंगे। बीते दो-ढाई दशक में टेक्सटाइल, फूड प्रोसिसिंग समेत कई उद्योगों का विस्तार हुआ है। इस बार के बजट में केंद्र ने चमड़ा और कपड़ा के उद्योग के लिए कई घोषणाएं की है। मैं आप लोगों के परिश्रम को नमन करता हूं, गुजरात में पानी कई फीट नीचे पहुंच गया है। नर्मदा मां की कृपा और सरकार के प्रयासों से हालात बदल गए हैं। यहां की अनेक फसलें दुनिया भर के बाजारों में पहुंच रही है। एक समय था कच्छ पलायन के लिए मजबूर था। आज कच्छ के लोगों को यहीं रोजगार मिल रहा है। देश के नौजवानों को रोजगार मिले ये भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। पहले राज्य के मंत्री कच्छ आते थे तो पाकिस्तान से शुरू कर पाकिस्तान पर ही अपनी बात खत्म करते थे। 2001 में मैंने तय किया कि मैं उसे भुला दूंगा, अब ऐसा कच्छ बना दिया है कि पाकिस्तान को भी ईर्ष्या हो जाए। हमारी नीति आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की है। ऑपरेशन सिंदूर ने इसे और स्पष्ट कर दिया है। जो भी भारतीयों का खून बहाने की कोशिश करेगा, उसको उसकी भाषा में ही जवाब दिया जाएगा। भारत पर आंख उठाने वाले किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर मानवता की रक्षा और आतंकवाद के अंत का मिशन है।हमने आतंकियों के ठिकानों पर हमला किया था, पाकिस्तान ने हमारे निर्दोष नागरिकों पर हमले किए। उनके ड्रोन पलक झपकते ढेर हो गए, इसके बाद भारत ने दोगुनी ताकत से हमला किया।



### आपत्तियों को पलटा जा सकता है: पीएम मोदी

यहां पानी नहीं था, लेकिन यहां के किसान पानीदार थे। और कच्छ ने दिखा दिया है उम्मीद और अवसर से आपत्तियों को पलटा जा सकता है। जब भूकंप आया तो कच्छ मौत की चादर ओढ़कर सोया था। लेकिन मैंने विश्वास नहीं खोया। मुझे विश्वास था मेरा कच्छ इस संकट को परास्त करेगा और भूकंप को कंपा करके विकास की राह पर आएगा। मैं सभी कच्छवासियों को इन सभी विकास कार्यों के लिए ढेर सारी बधाई देता हूं।

### सेना सक्षम और अनुशासित है: पीएम मोदी

22 मई के बाद मैंने कभी छुपाया नहीं सीना तानकर बिहार की जनसभा में घोषणा की थी, कि मैं आतंकवाद के ढिकानों को मिट्टी में मिला दूंगा। हमने 15 दिन तक इंतजार किया, जब पाकिस्तान ने कुछ नहीं तो मैंने देश की सेना को खुली छूट दे दी। भारत के निशाने पर आतंकवादियों के ढिकाने थे। सैकड़ों किमी अंदर जाकर सटीक वार किया। ये साबित हुआ हमारी सेना कितनी सक्षम और कितनी अनुशासित है। हमने दुनिया को दिखाया आतंकवाद के अड्डे और ठिकानों को यहां बैठे-बैठे मिट्टी में मिला सकते है। भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान कितना बौखला गया ये सबने देखा।

## सत्ता में 100 दिन पूरे, दिल्ली सरकार 31 मई को जनता को सौंपेगी अपनी रिपोर्ट: रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार 31 मई को अपने 100 दिनों का रिपोर्ट कार्ड पेश करेगी, क्योंकि लोगों को उसके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताना सरकार का कर्तव्य है। दिल्ली में 25 वर्षों के बाद भाजपा ने सरकार बनाई है और गुप्ता ने 20 फरवरी को रामलीला मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित एक भव्य समारोह में अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार 100 दिनों के अपने कार्यकाल में लगातार काम कर रही है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यआप सभी ने देखा है कि दिल्ली सरकार 24 घंटे काम करती नजर आ रही है। 30 मई को हमारी सरकार 100 दिन पूरे कर लेगी। हम 31 मई को दिल्ली की जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। हम अपने द्वारा किए गए हर काम का ब्योरा देंगे। गुप्ता ने कहा कि यह जनता ही है, जिसने सुनिश्चित किया कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार बने। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता को सूचित करना हमारा कर्तव्य है। हमने अपने 100 दिन के कार्यकाल में जो भी काम किए हैं और जो भी योजनाएं यहां लाई हैं, हम 31 मई को दिल्ली की जनता के सामने उन सभी का विवरण पेश करेंगे। इस साल फरवरी में विधानसभा चुनाव में भाजपा 70 में 48 सीट जीतकर आम आदमी पार्टी के एक दशक पुराने शासन को खत्म करते हुए दिल्ली की सत्ता में आई थी।

## जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** हरियाणा के हिसार से गिरफ्तार महिला यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान के लिए कथित जासूसी करने के आरोप में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सोमवार को पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद उसे अदालत में पेश किया गया जहां न्यायाधीश ने उसे जेल भेजने का आदेश दिया। 33 वर्षीय ज्योति मल्होत्रा उत्तर भारत में सक्रिय एक संदिग्ध जासूसी नेटवर्क का हिस्सा बताई जा रही है जो पाकिस्तान के लिए संवेदनशील जानकारी भेजने के आरोप में जांच के घेरे में है। पुलिस ने उसे इस महीने की शुरूआत में गिरफ्तार किया था। शुरूआत में उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया और 22 मई को फिर से अदालत में पेश किया गया। इसके बाद उसे चार दिन की अतिरिक्त रिमांड पर रखा गया जो अब समाप्त हो चुकी है। हिसार पुलिस की पूछताछ में कई अहम सुराग सामने आए हैं। जांच एजेंसियों को संदेह है कि इस नेटवर्क के जरिए भारतीय सैन्य और सुरक्षा से जुड़ी सूचनाएं पाकिस्तान तक पहुंचाई जा रही थीं। ज्योति के मोबाइल फोन और सोशल मीडिया अकाउंट्स की फोरेंसिक जांच की जा रही है ताकि पता चल सके कि वह किन लोगों के संपर्क में थी और जानकारी कैसे भेजी जा रही थी। पुलिस का दावा है कि ज्योति उन 12 लोगों में शामिल है जिन्हें पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से एक ही नेटवर्क के तहत गिरफ्तार किया गया है। यह नेटवर्क सोशल मीडिया और वॉट्सऐप जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए सूचनाएं इकट्ठा कर उन्हें विदेश भेजता था। फिलहाल पुलिस इस पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुटी है और हो सकता है कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हों। अदालत ने महिला यूट्यूबर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजकर पुलिस को मामले की गहराई से जांच का अवसर दिया है।



## 31 मई तक जारी रहेगा बारिश तो कहीं धूप का दौर, 23 जिलों में गरज-चमक के आसार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कहीं बूंदाबांदी तो कहीं धूप का सिलसिला 31 मई तक जारी रहने वाला है। साथ ही 28 मई तक प्रदेश में लू की परिस्थितियों पर लगाम रहेगी। तापमान में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन आने के आसार नहीं हैं। मंगलवार को देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर समेत लगभग 23 जिलों में बादल गरजने व बिजली चमकने के साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है। कहीं-कहीं गरज चमक के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 28 मई तक



ऐसे ही फेरबदल भरे मौसम के बाद 29 मई से दो-तीन दिनों के लिए बूंदाबांदी और हवाओं की तीव्रता और क्षेत्रफल में विस्तार देखने को मिलेगा।

### इन जिलों में गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना

देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर व आसपास के इलाकों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का स्वास्थ्य संबंधी ढांचा हुआ मजबूत: अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को व्यापक पैमाने पर बढ़ावा मिला है। साथ ही उन्होंने सरकार के प्रयासों में सहायता करने के लिए निजी संस्थानों की सराहना की। शाह ने यहां राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में कैंसर रोगियों और उनके तीमारदारों के लिए आवासीय सुविधा 'स्वस्ति निवास' की आधारशिला रखने के बाद कहा कि मोदी सरकार में 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता के बाद से स्थापित सात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की तुलना में अब 23 एम्स स्वीकृत किए जा चुके हैं। केंद्रीय मंत्री



ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में स्वास्थ्य क्षेत्र का बजट 1.35 लाख करोड़ रुपये है, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार में यह 37,000 करोड़ रुपये था। शाह ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधा स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से सभी प्रकार की सहायता का आश्वासन दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान आने वाले वर्षों में देश में कैंसर के इलाज के लिए सबसे अच्छे केंद्र के रूप में उभरेगा। उन्होंने कैंसर संस्थान की नींव रखने के लिए फडणवीस के प्रयासों की सराहना की। शाह ने कहा कि कैंसर का इलाज लंबा होता है और मरीजों एवं उनके परिवारों की पीड़ा बहुत अधिक होती है। जो लोग इस पीड़ा का व्यक्तिगत रूप से अनुभव करते हैं, उनमें समाज की सेवा करने और बड़े पैमाने पर लोगों की पीड़ा को कम करने की भावना होती है। शाह ने कहा कि अच्छे इरादों से समाज को हमेशा लाभ होता है और सरकार के प्रयासों एवं निजी संस्थानों द्वारा उठाए गए कदमों से भी मदद मिलती है।

### यौन उत्पीड़न मामला: डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष

## बृजभूषण शरण सिंह को पॉक्सो केस में राहत, कोर्ट ने मंजूर की क्लोजर रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली। इस रिपोर्ट में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह पर नाबालिग होने पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक पहलवान द्वारा दायर मामले को रद्द करने की मांग की गई थी। पुलिस ने साल 2023 में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गोमती मनोचा ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने कहा कि क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार की गई। एक अगस्त, 2023 को एक इन-चैंबर कार्यवाही के दौरान नाबालिग



पहलवान ने न्यायाधीश को बताया कि वह दिल्ली पुलिस की जांच से संतुष्ट है और क्लोजर रिपोर्ट का विरोध नहीं करती। दिल्ली पुलिस ने 15 जून, 2023 को नाबालिग से संबंधित मामले को रद्द करने की मांग करते हुए क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी। यह कदम तब उठाया गया जब नाबालिग के पिता ने दावा किया कि उन्होंने बृजभूषण के खिलाफ कथित अन्याय का बदला लेने के लिए यौन उत्पीड़न की झूठी शिकायत दर्ज की थी।

# अयोध्या-काशी की तरह भव्य बनेगा बाबा तामेश्वरनाथ का धाम : मुख्यमंत्री

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने संत कबीर नगर में ₹1,515 करोड़ की 528 विकास परियोजनाओं का किया भव्य लोकार्पण और शिलान्यास

**संत कबीर नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को संत कबीर नगर में ₹1,515 करोड़ की 528 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने बाबा तामेश्वरनाथ धाम के कायाकल्प और इसे एक भव्य तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने की बात कही, इसे उन्होंने क्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को मजबूत करने वाला कदम बताया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में बाबा तामेश्वरनाथ धाम को अयोध्या और काशी की तर्ज पर एक सुव्यवस्थित और भव्य तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि बाबा तामेश्वरनाथ धाम




को एक सुंदर कॉरिडोर के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक दर्शन का अवसर मिले। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी को उजाड़ा नहीं जाएगा, बल्कि व्यवस्थित पुनर्वास के साथ स्थानीय व्यवसायियों और गोसाइयों के हितों का ध्यान रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम बाबा तामेश्वरनाथ की कृपा से संभव हो सका है। उन्होंने अयोध्या में भगवान रामलला के भव्य मंदिर, काशी में काशी विश्वनाथ धाम और मां विंध्यवासिनी धाम के कायाकल्प का उदाहरण देते हुए कहा कि इन तीर्थस्थलों ने डबल इंजन सरकार की ताकत को साबित किया है। काशी में आज 50,000 श्रद्धालु एक साथ दर्शन



कर सकते हैं, जबकि मां विंध्यवासिनी धाम में 10,000 श्रद्धालु एकसाथ जा सकते हैं। बाबा तामेश्वरनाथ धाम को भी ऐसा ही भव्य स्वरूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रशासन और स्थानीय समुदाय से इस दिशा में जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने का आह्वान किया और आश्वासन दिया कि धाम के विकास की कार्ययोजना उनके पास आएगी तो उसे शीघ्र स्वीकृति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सनातन धर्म की पहचान को मजबूत करने वाला कदम होगा।



बाबा का आशीर्वाद संत कबीर नगर वासियों पर बरसता हुआ दिखाई देगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज लोकार्पित और शिलान्यास की गई ₹1,515 करोड़ की परियोजनाएं पर्यटन, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्पोर्ट्स, और नगर निकाय भवनों जैसे जीवन के विभिन्न आयामों को समृद्ध करने वाली हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं संत कबीर नगर को नई पहचान दिलाएंगी और स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाएंगी।

## बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण/शिलान्यास/ शुभारंभ किए जाने का संजीव प्रसारण एवं कार्यक्रम हुआ आयोजित

# बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किये गये हैं कार्य सराहनीय: मयंक गोयल










हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों से बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण/शिलान्यास/शुभारंभ किए जाने हेतु समारोह का आयोजन लोक भवन लखनऊ में किया गया, जिसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम का प्रसारण जनपद स्तर पर हिंदी भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष भाजपा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ०पी० यादव, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी जिला समन्वयक, एसआरजी, एआरपी, सभी ब्लॉकों के शिक्षक संघ के नेतागण, परिषदीय विद्यालय अध्यापकगण, विभिन्न विद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में सभी विकासखंड/नगर क्षेत्र से आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास, निपुण विद्यालय के एक-एक अध्यापकों एवं समर कैंप के एक-एक अनुदेशक अथवा शिक्षामित्र को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मयंक गोयल द्वारा इस वर्ष आयोजित बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम में बालिकाओं की उपलब्धियां की प्रशंसा की साथ ही सभी को खूब पढ़ने एवं बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि मोदी जी- योगी जी के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किये गये कार्य सराहनीय हैं।

अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपने प्रेजेंटेशन में जनपद गाजियाबाद में बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अच्छे कार्यों एवं नवीन उपलब्धियां के बारे में चर्चा की गई। साथ ही बेसिक शिक्षा के क्षेत्र मे सत्र 2025-26 में और क्या कुछ किया जाना है इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष में हर विद्यालय निपुण होगा यह हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया इस कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती पूनम शर्मा एसआरजी द्वारा किया गया।

## गाजियाबाद बैडमिन्टन एसोसिएशन द्वारा प्रथम मेजर सब जूनियर स्टेट टूनार्मेन्ट का आयोजन 29 से 31 मई तक



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश बैडमिन्टन एसोशिएशन द्वारा प्रथम मेजर सब जूनियर स्टेट टूनार्मेन्ट के आयोजन का दायित्व गाजियाबाद बैडमिन्टन एसोसिएशन सौंपा गया है। प्रतियोगिता का आयोजन सिटी क्लब गोल्फ लिंक, (लैन्डक्राफ्ट) के बैडमिन्टन एरीना में तीन कोर्टस पर आयोजित होगा। 29 मई से 31 मई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 200 बालक-बालिका खिलाडियों के प्रतिभाग करने की सम्भावना है। टूनार्मेंट की प्राइज मनी 1 लाख रुपए रखी गई है।

टूनार्मेंट का संचालन यू०पी०बी०ए० से नियुक्त टेक्निकल टीम करेगी, जिसमें चीफ रेफरी गोरखपुर से अजय सिंह, टूनार्मेंट कन्ट्रोलर कानपुर के अरशद अहमद के साथ महाराज गंज, कानपुर, उन्नाव, अलीगढ़, हापुड व गाजियाबाद के एम्पायर होगें। प्रतियोगिता का शुभारम्भ 29 मई को प्रातः 9 बजे से होगा तथा इस विशाल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अजीत पाल त्यागी, विधायक मुरादनगर होंगे एवं समारोह की अध्यक्षता गाजियाबाद बैडमिन्टन एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित जायसवाल करेगें। प्रतियोगिता नाक आउट आधार पर आयोजित है तथा विजेताओं को कैश प्राइज मनी एक लाख निर्धारित है। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में योनेक्स ए०एस०-2 शटल प्रयोग की जायेगी।

## आरकेजीआईटी में आई क्यूएसी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर वर्कशॉप आयोजित



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** आरकेजीआईटी में आई क्यूएसी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन प्लानिंग & एडमिनिस्ट्रेशन नई दिल्ली के डायरेक्टर प्रो. प्रदीप कुमार मिश्रा रहे। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों, छात्रों और शिक्षा से जुड़े अन्य सहभागियों को नीतिगत परिवर्तनों एवं आधुनिक शैक्षिक दृष्टिकोण से अवगत कराना रहा। प्रो. मिश्रा ने कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं इसकी छात्रों, शिक्षकों एवं समाज की उपयोगिता के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रयोग किए जाने वाले पठन-पाठन एवं मूल्यांकन के विभिन्न तरीकों



के बारे में शिक्षकों को अवगत कराया। संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने बताया कि संस्थान राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपने परिसर में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संस्थान इस दिशा में निरंतर कार्यरत है और शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों व डिजिटलीकरण को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. बी. सी. शर्मा ने बताया कि संस्थान नीतिगत दिशा-निदेशों के अनुरूप शिक्षण-पद्धतियों, पाठ्यक्रम संरचना, मूल्यांकन प्रणाली और शिक्षक प्रशिक्षण में आवश्यक बदलाव कर रहा है, जिससे छात्रों को समग्र और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। डीन (एक्रिडिटेशन) डॉ. रामेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि संस्थान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत जल्द ही एक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में संस्थान के एडवाइजर डॉ लक्ष्मण प्रसाद, डीन स्टूडेंट वेलफेयर एच.जी. गर्ग, प्रिंसिपल फामेर्सी डॉ मोनिका सचदेवा, बक्शीश सिंह, विभिन्न विभागों के प्रमुख, सभी फैकल्टी, स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

## परमार्थ सेवा ट्रस्ट ने नेत्रहीन कन्या की शादी संपन्न कराई




हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** संजय नगर शुभम बैंक्विट हॉल परमार्थ सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में नेत्रहीन कन्या की शादी बड़े धूमधाम से संपन्न कराई। ट्रस्ट के चेयरमैन वी.के. अग्रवाल ने बताया कि आयुष्मति काजल सुपुत्री श्रीमती राजवती-रामवीर निवासी मुरादनगर का शुभ विवाह चिरंजीव प्रमोद कुमार सुपुत्र श्रीमती सुहानी देवी-श्री जयपाल निवासी खेकड़ा बागपत के संग बड़ी धूमधाम से संपन्न कराया। शादी में यथायोग दैनिक उपयोग होने वाला सामान बर्तन, कूलर, डबल बैड, पंखा, सिलाई मशीन, 51 बर्तन, अलमीरा, पायल, बिछुए, श्रृंगार का सामान अनेकों प्रकार के वस्त्र आदि भेंट किये। बारातियों को समय अनुसार ससम्मान भोजन प्रसाद कराकर नवयुग जोड़ों के सात फेरों का पाणिग्रहण संस्कार कराकर समय पर विदा किया। इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि ट्रस्ट के तत्वाधान में यह कोई पहला कार्य नहीं है समय-समय पर पात्र कन्याओं की शादी बड़े धूमधाम से कराई जाती हैं। पात्र कन्याओं की शादी करना एक नेक और महत्वपूर्ण कार्य है इससे न केवल गरीब परिवारों को मदद मिलती है, बल्कि सामाजिक रूप से भी यह एक सकारात्मक कदम है। यह सिर्फ एक आर्थिक व्यवहार नहीं है, बल्कि यह एक मानवीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। पात्र कन्याओं की शादी करना एक ऐसा काम है जो उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करता है और समाज को भी बेहतर बनाता है। इस अवसर पर डॉ. नीरज गर्ग, अनिल स्वामी, श्यामसुंदर गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता नीलकमल फर्नीचर, एसके अग्रवाल एडवोकेट, प्रदीप गुप्ता, हेमंत कंसल, राकेश चंद्र अग्रवाल, सुदेश शर्मा, शिवकुमार शर्मा, नीरज शर्मा, डी.के. मित्तल, अखिलेश अग्रवाल, कपिल जैन, राकेश मित्तल, राम गुप्ता, स्नेह लता, उमेश नागर पार्षद, सुरेंद्र पाल त्यागी, तरुण चितकारा आदि मौजूद रहे।

## जीएमए का 35वां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन ( जीएमए ) ने 24 मई को गौर सिटी ग्रेटर नोएडा ( वेस्ट ) के गौर सरोवर प्रीमियर में भविष्य को सशक्त बनाना झ भारत की दिशा विषय पर अपना 35वां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया। मुख्य अतिथि रवि वेंकटेशन (पूर्व चेयरमैन माइक्रोसॉफ्ट इंडिया) और विशिष्ट अतिथि रिचर्ड रेकी (वाइस चेयर ग्रांट थॉर्नटन इंडिया) रहे। उद्घाटन अध्यक्ष एस.के. तिवारी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. टी.आर. पांडे ने किया। तकनीकी सत्रों में नवाचार, एमएसएमई, डिजिटल इंडिया और




शिक्षण संस्थानों की भूमिका पर चर्चा हुई। समापन सत्र प्रो. (डॉ.) उमा सिंह और पुरस्कार वितरण नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में उदय नारंग, आनंद प्रकाश, प्रो. डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी और डॉ. आर. प्रसाद जैसे वक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन जीएमए की वार्षिक स्मारिका के विमोचन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन राहुल अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक, जीएमए ने अत्यंत कुशलता से किया। इस अवसर पर जीएमए ने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा संवाद एवं सम्मान समारोह आयोजित

### मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने राष्ट्रीय चेयरमैन बनने पर राम अवतार जिंदल को किया सम्मानित





हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** 24 मई को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा संवाद एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन पार्टी के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. राम अवतार जिंदल के निवास श्याम प्रेम, मॉडल टाऊन ईस्ट गाजियाबाद में क्या गया। इस आयोजन में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर कैबिनेट मंत्री उ. प्र. सरकार( पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक़्फ़ एवं हज विभाग) एवं मयंक गोयल ( महानगर अध्यक्ष भाजपा) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गाज़ियाबाद के सम्मानित व्यापारियों द्वारा अपने विचार, सुझाव एवं समस्याएं मंत्री ओम प्रकाश राजभर के समक्ष रखी गईं। इसके अलावा आपसी संवाद के माध्यम से समाधान कि दिशा में सार्थक पहल भी हुई। इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में, सभी व्यापारियों के साथ मिलकर तिरंगा सम्मान रैली का आयोजन किया गया। रैली में तिरंगे की शान में जोशीले नारे भी लगाए गए। कार्यक्रम में नोएडा प्रेस क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी का सम्मान किया गया। गाज़ियाबाद के व्यापारियों द्वारा अपने विचार, सुझाव एवं समस्याएं मंत्री ओम प्रकाश राजभर के समक्ष रखी गईं। इस अवसर पर मंत्री ओम प्रकाश राजभर द्वारा डॉ. राम अवतार जिंदल को सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर सम्मानित किया गया। डॉ. राम अवतार जिंदल एवं अशोक अग्रवाल ने कार्यक्रम में आने वाले सभी व्यापारियों के के प्रति आभार प्रकट किया।

## अधिवक्ता अरुण राघव को इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ जूरिस्टिस लंदन द्वारा सदस्य रूप में किया नामित

### अधिवक्ता अरूण राघव को मिला अन्तरराष्ट्रीय पहचान का गौरव



**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** नगर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता अरूण कुमार राघव को अन्तरराष्ट्रीय स्तर की ख्याति प्राप्त संस्था इंटरनेशनल कौंसिल आँफ जुरिस्टस (लंदन) द्वारा विशिष्ट सदस्य के रूप मे औपचारिक रूप से नामित किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के अनेकों गणमान्य व्यक्तियों ने दी उन्हें बधाई। मोदीनगर के हरमुखपुरी निवासी अधिवक्ता अरुण राघव को मिला यह सम्मान विधिक क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक योगदान, समाजसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्वता और न्यायिक दृष्टिकोण मे उनकी गहन समझ को ध्यान मे रखते हुए प्रदान किया गया है। इस महत्वपूर्ण पदनाम की घोषणा संस्था के तथा आल इंडिया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ० आदिश सी० अग्रवाल सहित संस्था के निदेशक सारा जे० मार्चिंगटन द्वारा संयुक्त रूप से की गयी। बताया गया कि इंटरनेशनल कौंसिल आँफ जुरिस्टस (लंदन) एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की विधिक संस्था है,जो दुनियाभर के न्यायविदो, विधिक विशेषज्ञो एवं न्यायाधीशो को एक मंच पर लाकर वैश्विक कानून व्यवस्था मे सहयोग को बढावा देती है। सर्वविदित है कि मोदीनगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता अरूण राघव लंबे समय से जनहित और सामाजिक न्याय से जुडे कई मुकद्दमो में सक्रिय रूप से भूमिका निभाते आ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी यह नियुक्ति मोदीनगर के लिए गर्व का विषय है। उनकी इस उपलब्धि पर स्थानीय जन प्रतिनिधियो, अधिवक्ताओ, शिक्षाविदो और समाजसेवियो ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## जिलाधिकारी के निर्देशन पर सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बन्धुओं की बैठक आहूत

# व्यापारियों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें, कोई कोताही ना बरती जाएं: अभिनव गोपाल

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** शासन की मंशा के अनुरुप समृद्ध व्यापार एवं सुखी व्यापारी की संकल्पना की अवधारणा के क्रियान्वयान हेतु जनपद गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में आहूत हुई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा जिले के व्यापारियों की समस्याओं का संज्ञान लिया गया। व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित समस्त विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि व्यापारियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं के निस्तारण में कोई भी कोताही न बरती जाए। यदि किसी भी प्रकरण में कोई लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्यवाही की जायेगी। साथ ही उन्होने व्यापारियों से भी उनकी ओर से समस्या से संबंधित विशिष्ट मामलों की सूची बनाकर उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया, जिससे विभाग समस्याओं का संज्ञान लेकर तुरंत निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान व्यापारी संगठनों द्वारा पैठ बाजार की समस्या को दूर करने, गाजियाबाद शहर में विभिन्न मार्गों एवं पार्क इत्यादि के आस-पास अतिक्रमण की समस्या, शहर के अंदर संचालित शराब की दुकानों के कारण उत्पन्न अव्यवस्था, नगर निगम में संपत्ति हस्तांतरण की प्रक्रिया को जी०डी०ए० जैसा पारदर्शी बनवाने, राजनगर एक्सटैंशन क्षेत्र में सड़को व सफाई व्यवस्था को दुरस्त कराने आदि बिन्दुओं को उठाया गया। बैठक में जियाउद्दीन अहमद, ए०सी०पी० ट्रैफिक, गाजियाबाद, एस०पी० मिश्रा, सहायक अभियंता, नगर निगम गाजियाबाद, वाई०पी०सिंह, जिला सूचना अधिकारी गाजियाबाद, व्यापारी नेता तिलक राज अरोड़ा, संदीप बंसल, अशोक चावला, अशोक भारती, केसरी मिश्र, प्रशांत सरैया सहित विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, गाजियाबाद प्राधिकरण, खाद्य सुरक्षा के अधिकारीगण एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। व्यापार बंधु की बैठक का संचालन राज्य कर विभाग के चन्द्र कांत भूषण, उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर गाजियाबाद द्वारा किया गया।

# दिल्ली में आम आदमी पार्टी और बीजेपी में आरोप लगाने का दौर हुआ शुरू



राकेश पाराशर

**दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच आरोप लगाने का दौर तेज हो गया है यह सिलसिला दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के 15 पार्षद में से दो द्वारा पार्टी तोड़कर अलग हो जाने के बाद से शुरू हुआ था। अब पंजाब में आम आदमी पार्टी के एक विधायक भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी के बाद आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला और तेज हो गया है। बीजेपी के नेता कह रहे हैं कि आम आदमी पार्टी अपनी खोई हुई साख बचाने के लिए झूठे आरोप लगाती रहती है। जबकि आम आदमी पार्टी के नेताओं का चेहरा दिल्ली से लेकर पंजाब तक उजागर होता जा रहा है। इस महीने 17 तारीख को दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के 15 पार्षदों ने पार्टी को झटका देते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी त्यागपत्र दे दिया था। यह पार्षद किसी दल में शामिल नहीं हुए हैं उन्होंने अपनी इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाने की घोषणा कर दी है। आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले पार्षदों ने मुकेश गोयल को अपना नेता चुना है। मुकेश गोयल पुराने कांग्रेसी नेता है वह कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि पब्लिक की समस्याओं का समाधान हो इसलिए अलग फ्रंट बनाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब नगर निगम में आम आदमी पार्टी की मर्सी ऊपर से आदेश आते थे और उन्हें लागू किया जाता था। जबकि पार्टी में अनेक अनुभवी नेता हैं आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि बीजेपी की साजिश से इन पार्षदों ने पार्टी को छोड़ा है। इसके विपरीत भाजपा मेयर राजा इकबाल सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि यह आम आदमी पार्टी में व्याप्त भ्रष्टाचार और तानाशाही का परिणाम है क्योंकि आपने दिल्ली के भलाई के लिए कुछ नहीं किया। ताजा मामला दिल्ली में पानी के मामले को लेकर शुरू हुआ है। दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि दिल्ली के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं और पानी के लिए टैंकर के सामने खड़ी महिलाएं बाल्टी और मटको के साथ इंतजार करते बच्चे यह दृश्य दिल्ली की नई पहचान बनते जा रहे हैं। गर्मी की तपेश अभी आनी बाकी है यह जनता के प्रति बीजेपी सरकार की लापरवाही है। बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता रोजाना झूठा आरोप लगाते रहते हैं। आतिशी का पानी के मामले को लेकर लगाया आरोप उसी की एक कड़ी है। सचदेवा ने कहा पहले दिल्ली में टैंकर माफिया अधिक थे और पानी की चोरी करके उसे बेचते थे, बीजेपी सरकार ने उन पर अंकुश लगाया है। पानी के प्रत्येक टैंकर में अब जीपीएस लगाने का काम चल रहा है। आम आदमी पार्टी का कार्यकाल में पिछले साल पानी की क्या स्थिति थी इसे किसी को नहीं भूलना चाहिए। आम आदमी पार्टी सरकार पानी की बर्बादी और पानी की चोरी रोकने में नाकाम रही थी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी आम आदमी पार्टी की मुख्यमंत्री को जवाब देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार हर घर नल से जल पहुंचने की प्राथमिकता है। राजधानी के तीनों कूड़े के पहाड़ों को केंद्र सरकार के सहयोग से हटाने का काम तेजी से चल रहा है। भाजपा नेता का कहना है कि आम आदमी पार्टी केवल आरोप लगाने में लगी रहती है जबकि भाजपा की दिल्ली सरकार तथा एमसीडी पब्लिक की भलाई के लिए काम करने में लगी है। एमसीडी में प्रॉपर्टी टैक्स में हां माफी योजना का प्रस्ताव स्वीकृत कर दिया गया है। इसके साथ-साथ यूजर चार्ज वापस करने का प्रस्ताव भी पास हो गया है। आम आदमी पार्टी यूजर चार्ज को सीधा प्रॉपर्टी टैक्स से जोड़ दिया था और जब तक कोई व्यक्ति यूजर चार्ज जमा नहीं करता था तब तक उसकी प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं होता था। भाजपा नेता कह रहे हैं की पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली में बीजेपी के हार के बाद से कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं उनकी सहायता दिल्ली में काम हो गई है उनका ध्यान पंजाब में पार्टी बचाने में लगा हुआ है।

# आर्य समाज द्वारा आयोजित सात दिवसीय योग शिविर का सांसद राजकुमार सांगवान एवं विधायक मंजू शिवाच ने किया शुभारंभ





**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** मोदी इंटर कॉलेज मैदान में आर्य समाज द्वारा सात दिवसीय आर्य वीर योग एवं चरित्र निर्माण के नाम से योग शिविर का आयोजन किया। जिसका शुभारम्भ सांसद राजकुमार सांगवान एवं क्षेत्रीय विधायक मंजू शिवाच ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। सोमवार को आर्य समाज द्वारा आयोजित सात दिवसीय योग शिविर के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे बागपत लोकसभा सांसद राजकुमार संगवान ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग जहां हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। वहीं वह हमारी सनातन पद्धति और संस्कृति को भी दशार्ता है। उन्होंने कहा जीवन की भाग दौड़ में जहां लोग रोजी-रोटी और पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था में लगे रहते हैं इस भाग दौड़ के चलते हम अपनी सनातन संस्कृति से दूर और स्वास्थ्य प्रति लापरवाह होते जा रहे हैं। ऐसे में उन्होंने सभी उपस्थित जनों को योग को अपने जीवन में अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर योग शिविर को क्षेत्रीय विधायक मंजू सिवाच ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ मस्तिष्क और शरीर के लिए योग बहुत जरूरी है सभी को स्वस्थ रहने के लिए सभी को योग करना चाहिए।

## बीस लाख न मिलने पर नहीं पहुंची बरात

**साहिबाबाद।** थानाक्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने बिजनौर निवासी हरीश, उनकी मां उर्मिला और भाई मनीष समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि हरीश ने उनसे कोर्ट मैरिज और आर्य समाज मंदिर में शादी करने के बाद परिवार की सहमति से बरात लाने का वादा किया था। 25 अप्रैल को बरात की तारीख तय करने के बाद आरोपी ने 20 लाख रुपये की मांग रखी और पूरी न होने पर बरात लेकर भी नहीं पहुंचे।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्ज मुकदमे में युवती ने बताया कि हरीश से उनकी काफी समय से दोस्ती थी। कुछ समय बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया। दोनों ने पहले 20 जनवरी को आर्य समाज मंदिर में रीति-रिवाज से फेरे लिए और उसके बाद कोर्ट मैरिज की। यह बात जब दोनों के परिजनों को पता चली तो उन्होंने विधिवत शादी के लिए स्वीकृति दे दी। दोनों पक्षों में बातचीत हुई और 25 अप्रैल को शादी की बात तय हुई।

## रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन





**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** विधानसभा क्षेत्र स्थित ब्लॉक भोजपुर में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर विधानसभा स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम अहिल्याबाई होल्कर द्वारा की गई समाजसेवा के लिए उनके प्रेरणादायी जीवन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से संपन्न हुआ। सोमवार को ब्लॉक भोजपुर में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनीश त्यागी (प्रदेश प्रवक्ता) के अलावा चौधरी चैनपाल सिंह गाजियाबाद जिला अध्यक्षता की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक विधायक डॉ.मंजू शिवाच ने अपने वक्तव्य में कहा की रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणा है।जिसमें उनके शासन, समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण के आदर्श उदाहरण हैं।हमें उनके सिद्धांतों पर चलकर जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करना चाहिए। इस अवसर पर मौजूद रहे मुख्य लोगों में ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, अशोक माहेश्वरी, दिनेश सिंघल, अमित चौधरी (कार्यक्रम संयोजक), नितिन मित्तल, देवेंद्र चौधरी, सतेन्द्र त्यागी, राजेन्द्र वाल्मीकि, नवीन जायसवाल, कुमुदी चौधरी, जीतेन्द्र चित्तोडा, आकाश शर्मा, दीपक गुर्जर, सचिन त्यागी, रोहित तोमर आदि बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे जिन्होंने एक स्वर में अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया।

# पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री और चार बार के सांसद डॉ. छत्रपाल का निधन, वाजपेयी की सरकार में रहे मंत्री

हिन्द आत्मा संवाददाता



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री और चार बार के सांसद डा. छत्रपाल का निधन हो गया है। डॉ. छत्रपाल अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री भी रहे। जिले से भाजपा के टिकट पर चार बार के सांसद व उड़ीसा से राज्यसभा सांसद और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारी में उर्वरक एवं रसायन विभाग के राज्यमंत्री डॉ. छत्रपाल सिंह का सोमवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। डॉ. छत्रपाल के निधन की सूचना पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उनके टीचर्स कालोनी स्थित आवास पर एकत्रित हो गए। बताते चलें कि वर्ष 1991 से 2004 तक डॉ. छत्रपाल जिले से सांसद चुने गए थे। साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 29 जनवरी 2003 से 16 मार्च 2004 तक रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्यमंत्री रहे थे। इसके अलावा डॉ. छत्रपाल को उड़ीसा से राज्यसभा सांसद चुना गया था।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, गाजियाबाद के तत्वावधान में काव्य संध्या का आयोजन







**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** रविवार को अखिल भारतीय साहित्य परिषद् गाजियाबाद के तत्वावधान में काव्य संध्या का आयोजन अमित्र थियटर, पटेल नगर-2, गाजियाबाद में किया गया। इस काव्य संध्या में कविताओं, गीतों और गजलों के तरह-तरह के विभिन्न पहलुओं जिनमें प्यार, मुहब्बत, देशभक्ति, सामाजिक, माता-पिता पर काव्य के रंग बिखेरे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मधु चतुर्वेदी, मुख्य अतिथि-अरविन्द भाटी (महासचिव-उ.प्र.), अति विशिष्ट अतिथि-डॉ.रमा सिंह (अन्तराष्ट्रीय कवयित्री), विशिष्ट अतिथि-डॉ. चेतन आनंद (महासचिव-मेरठ प्रान्त), अतिथि-डॉ. कमल किशोर भारद्वाज बुलंद शहर से रहे। सबसे पहले कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रजवलन के बाद सरस्वती वंदना ज्योति किरण राठौर ने अपने मधुर कंठ से मधुर आवाज से की। जिससे श्रोताओं का मन को मोह लिया। इसके बाद बी. एल. बत्रा 'अमित्र' जी ने मंच की गरिमा को ध्यान में रखते हुए सभी अतिथियों को मंचासीन करवाने की उपरान्त, सभी अतिथियों का सम्मान मालार्पण से किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बी. एल. बत्रा अमित्र ने सभी कवियों एवं कवियित्रियों का मंच से स्वागत सम्मान मालार्पण से करवाया गया। मंच संचालन का कार्य कीर्ति रतन ने बड़े ही बेहतरीन अंदाज में किया। जहाँ पर एक के बाद एक शायर एवं शायराओं ने अपनी बेहतरीन उपस्थिति एवं प्रस्तुति अपनी रचनाओं के माध्यम से दर्ज कराई। यहाँ उन सभी विशिष्ट साहित्यकारों, गजलकारों, गीतकारों ने अपना काव्य पाठ किया। कार्यक्रम अध्यक्षा-डॉ. मधु चतुर्वेदी, मुख्य अतिथि-अरविन्द भाटी (महासचिव-उ.प्र.), अति विशिष्ट अतिथि-डॉ. रमा सिंह (अन्तराष्ट्रीय कवयित्री), विशिष्ट अतिथि-डॉ. चेतन आनंद (महासचिव-मेरठ प्रान्त), अतिथि-डॉ. कमल किशोर भारद्वाज बुलंदशहर, बी.एल.बत्रा 'अमित्र' (सचिव अध्यक्ष), डॉ. (प्रोफेसर) कमलेश संजीदा (सचिव -संस्था), डॉ. तूलिका सेठ (उपाध्यक्ष-संस्था), डॉ.राजीव पाण्डेय, चन्द्र भानु मिश्र, रमन 'सिरोनवी', डॉ. मधु लता श्रीवास्तव, दुर्गेश अवस्थी, राजीव सिंघल, संगीता अहलावत, डॉ. रजनीश त्यागी 'राज', सोभा सचान, कीर्ति रतन, सोनम यादव, ज्योति किरण राठौर, सुप्रिया सिंह वीणा, सीमा सिकंदर, सीमा सागर शर्मा, पारो चौधरी एवं बहुत सारे श्रोता उपस्थित रहे जिन्होंने काव्य संध्या में कविताओं, गजलों एवं गीतों का भरपूर सराहा, हौसलक अफजाई की एवं भरपूर आनंद उठाया। अंत में अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, गाजियाबाद के डॉ. तूलिका सेठ (उपाध्यक्ष) ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया, पूरे कार्यक्रम की समीक्षा प्रस्तुत की। इस अवसर पर उपस्थित कवियों एवं कवियत्रिओं के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी, यह काव्य संध्या का कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा।

## पिछला सप्ताह पुलिस कर्मियों के ऊपर रहा हावी, दिल को झंनझोर देने वाली हुई घटना

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा कि बीता सप्ताह पुलिस कर्मियों पर रहा हावी, तीन ऐसी घटनाएं जिसे हर व्यक्ति के दिल को झंझोर करके रख दिया। पहली घटना अंकित तोमर पुलिस कर्मी द्वारा एक महिला को डूबने से बचने के लिए, अपनी जान गंवानी पड़ी। दूसरी घटना एसीपी ऑफिस की छत गिर जाने से एक सब इंस्पेक्टर की जान चली गई, तीसरी घटना मसूरी के नाहल गांव में नोएडा पुलिस अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए गई पर अपराधियों द्वारा की गई फायरिंग से एक पुलिसकर्मी को गोली लग गई और उसकी मृत्यु हो गई बहुत ही दुखद घटना, जिसे प्रत्येक नागरिक दिल से दुखी है। शहादात हुए तीनों पुलिसकर्मी और उनके परिवार के लिए अपनी संवेदनाएं प्रकट करता हूं और गोली चलाने वाले प्रत्येक अपराधियों की आलोचना करते हुए उनको कठिन से कठिन दंड देने के लिए प्रशासन से मांग करता है कि भविष्य में अपराधियों के हौसले बुलंद ना हो और उन पर कड़ी कार्रवाई हो। तीनों परिवारों के लोगों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रभु से मांगता हूं। **-जय-हिंद अजय गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल एवं समाजसेवी**

## अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन का राष्ट्रीय कार्यकारिणी चुनाव हुआ सम्पन्न

# अंकुर मित्तल बने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिन्स कंसल को महामंत्री पद पर किया निर्वाचित

हिन्द आत्मा संवाददाता





**मोदीनगर।** समस्त वैश्य उपवर्गों के राष्ट्रीय संगठन अखिल भारतीय वैश्य महा-संगठन का राष्ट्रीय कार्यकारिणी चुनाव शांतिपूर्वक एवं सौहार्द पूर्ण भावना के साथ संपन्न हुआ। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित कई पदों के लिए संगठन सदस्यों द्वारा चुनाव किया गया। इस मौके पर चुनकर आए सभी पदाधिकारीयों का फूल मालाओं से स्वागत हुआ। अखिल भारतीय वैश्य महा संगठन के चुनाव को निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के लिए चुनाव अधिकारी के रूप में अनूप कुमार शर्मा व नरेंद्र कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनावी प्रक्रिया के दौरान अलीगढ़ निवासी अंकुर मित्तल लगातार चौथी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। जबकि जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर निवासी प्रिंस कंसल को भी राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया इसके साथ ही हरदुआगंज निवासी ह्रदयेश मित्तल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के पद पर चुने गए।

मालूम हो कि अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव में निर्वाचित हुए अन्य पदाधिकारियों में उपरोक्त सभी के साथ इंदौर मध्य प्रदेश निवासी डॉ. संजय बिन्दल, उत्तर प्रदेश अलीगढ निवासी विशाल गर्ग, बीडीके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर सूरत गुजरात से विश्वनाथ पचेरिया, उत्तर प्रदेश के हाथरस निवासी ललतेश गुप्ता, अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से विनय कुमार अग्रवाल, महामंत्री के पद पर योगेश वार्ष्णेय, शानू व जितेन्द्र गोविल संगठन मंत्री एवं गौरव गोदानी व मनीष अग्रवाल सचिव पद पर निर्वाचित हुए। अखिल भारतीय वैश्य समाज संगठन की चुनाव प्रक्रिया के उपरांत अलीगढ स्थित राष्ट्रीय कार्यालय की ओर से सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहे संगठन के मार्गदर्शक एवं पूर्व विधानसभा सदस्य विवेक बंसल व कार्यक्रम मुख्य अतिथि अलीगढ़ नगर निगम के महापौर प्रशांत सिंघल ने निर्वाचित हुए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक व शपथ ग्रहण समारोह का शुभारम्भ भारत माता व आराध्य देवी माँ लक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ववलित कर किया गया। इस दौरान अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के मार्गदर्शक पूर्व विधायक विवेक बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि वैश्य समाज हमेशा से ही भारतवर्ष का अग्रणी समाज रहा है, राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल के नेतृत्व और कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों के सहयोग से वैश्य समाज नित नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होगा !राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे महापौर प्रशांत सिंघल ने अपने उद्बोधन में कहा कि अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन वैश्य समाज को संगठित करने का प्रयास करते हुए वैश्य समाज को आगे ले जाने का कार्य कर रहा है संगठन की गतिविधियों से प्रसन्न होकर महापौर प्रशांत सिंघल ने संगठन संरक्षक के रूप में जुड़कर अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन को मजबूती प्रदान की। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल ने बताया कि मात्र सात वर्ष की अल्प अवधि में ही संगठन ने अपनी गतिविधियों के माध्यम से अनेक क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है जिसके परिणामस्वरूप उत्तर भारत के 14 राज्यों में संगठन मजबूती के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कर चुका है! नवनिर्वाचित महामंत्री प्रिंस कंसल ने कहा कि वैश्य समाज को संगठित होकर और आगे बढ़ना होगा जिससे देश व वैश्य समाज संपूर्ण विश्व में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सके इसके लिए वैश्य समाज की सभी 356 जाति व उपजातियों को संगठित करने का कार्य अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के द्वारा किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन निर्वाचित महामंत्री ललतेश गुप्ता व प्रांतीय महामंत्री ताराचंद माहेश्वरी ने संयुक्त रूप से किया। चुनकर आए सभी पदाधिकारीयों को शपथ दिलाने से पूर्व उन्हें पटका पहनाकर व स्मृतिचिन्ह देकर उनका स्वागत किया तत्पश्चात सभी को संगठन पदों के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान कार्यक्रम में उपरोक्त सभी के साथ मनोनीत राष्ट्रीय सचिव अतीत अग्रवाल, तरुण पंकज, राष्ट्रीय सलाहकार समिति के संयोजक राजकुमार कंसल, नीरज गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष, रामेश्वर बंसल प्रांतीय महामंत्री, ताराचंद महेश्वरी क्षेत्रीय संयोजक, विनय गुप्ता जिला अध्यक्ष, मनोज गोयल एडवोकेट, प्रवीण अग्रवाल सहित वैश्य वर्ग के तमाम वर्गों व उपवर्गों के प्रमुख पदाधिकारीगण शामिल हुए।

## सम्पादकीय

### विकास पर बल

सरकार लगातार देश की अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डालर तक पहुंचाने का संकल्प दोहराती रही है। दावा किया जाता है कि भारत जल्दी ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। इसके लिए प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ने का उत्साह नीति आयोग शासी परिषद की दसवीं बैठक में भी दिखा। इसमें प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कहा कि अगर वे टीम इंडिया की तरह काम करें और हर राज्य, हर शहर, हर गांव को विकसित बनाने के लिए काम करें, तो आजादी की सौवीं वर्षगांठ से पहले ही देश को विकसित की श्रेणी में खड़ा किया जा सकता है। उन्होंने पर्यटन और शहरी विकास पर विशेष बल दिया। इस बैठक का विषय भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने पर विचार करना था। यह एक तरह से केंद्र सरकार के विकासोन्मुखी कार्यक्रमों को और गति देने की मंशा के अनुरूप ही है। अक्सर विपक्षी दलों वाली राज्य सरकारों और केंद्र सरकार के बीच नीतियों का टकराव देखा जाता रहा है, जिसका असर विकास कार्यक्रमों पर पड़ता है। अच्छी बात है कि इस बैठक में प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों के साथ संबंधों में सहजता लाने का प्रयास किया। इसी का नतीजा है कि बैठक में किसी प्रकार का वैचारिक विरोध नजर नहीं आया। हालांकि कांग्रेस ने इस बैठक को लोगों का ध्यान भटकाने का सरकार का एक और प्रयास बताया है।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि भारत दुनिया की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है और तमाम झटकों के बावजूद इसकी रफ्तार पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है। ऐसे में विकासशील देशों यानी वैश्विक दक्षिण देशों की उम्मीदें इससे और जुड़ती गई हैं। विश्व पटल पर व्यापारिक समझौतों आदि के मामले में भारत ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐसे में अगर केंद्र और सभी राज्य सरकारें मिल कर विश्व मानकों के अनुरूप अपने शहरों, पर्यटन स्थलों और विनिर्माण योजनाओं पर गंभीरता से काम करें, तो एक मिसाल कायम हो सकती है। मगर असल चुनौती यही है कि केंद्र सरकार किस तरह राज्य सरकारों के साथ सौहार्द और सहयोग का रिश्ता कायम कर पाती है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री तो लगातार केंद्र की नीतियों और बैठकों आदि का विरोध करती रही हैं। इसके अलावा, विपक्षी दलों की राज्य सरकारों के साथ केंद्र के रिश्ते तनावपूर्ण देखे गए हैं। इसलिए केंद्र से ही अपेक्षा की जाती है कि वह इस तल्खी को दूर करने का प्रयास करे।

विकास और अर्थव्यवस्था एक-दूसरे से नत्थी होते हुए भी कई मामलों में इनमें अलगाव भी होता है। जरूरी नहीं कि सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों के आधार पर अर्थव्यवस्था की दर ऊंची होने पर देश में खुशहाली का स्तर भी ऊंचा हो। भारत में यह विरोधाभास गहरा है। एक तरफ विकास दर ऊंची है, तो दूसरी तरफ बेरोजगारी और गरीबी उन्मूलन के मामले में अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पा रही। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रश्नांकित होती रहती हैं। अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में विकास दर संतुलित नहीं है। विनिर्माण क्षेत्र अब भी हिचकोले खा रहा है। इसकी बड़ी वजह है कि निर्यात बढ़ाने और व्यापार घाटा पाटने में अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पा रही। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश लक्ष्य के मुताबिक आकर्षित नहीं हो पा रहा। ऐसे में अगर केंद्र और राज्य सरकारें समन्वित रूप से काम करें, तो निस्संदेह कामयाबी की उम्मीद बनती है।

# नये आर्थिक सूरज बनने के सुखद एवं गौरवपूर्ण पल

**ललित गर्ग**



नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने रविवार की सुबह नये उगते सूरज के साथ भारत के नये आर्थिक सूरज बनने की सुखद एवं आह्लादकारी खबर दी। उन्होंने बताया कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब अगले ढाई से तीन वर्षों में जर्मनी को हटाकर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकडों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी बन चुके भारत ने अनेक नवीन संभावनाओं एवं उपलब्धियों को पंख लगाये हैं। निश्चित ही भारत आर्थिक क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में एक महाशक्ति बन कर उभर रहा है, जो हर भारतीय के लिये गर्व एवं गौरव की बात है। सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनाई जा रही है, अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, अपनी योजनाओं एवं नीतियों को आगे बढ़ाते है तो भारत शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से विश्व स्तर पर कई महत्वपूर्ण प्रभावों में बढ़ोतरी होगी। भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी 20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। भारत में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं। इससे भारत और जापान के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी, जैसे चंद्रयान-5 और सैन्य सहयोग, भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत इस उपलब्धि के बाद ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में और करीब आ गया है। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है तो लीडरशिप और मजबूत होगी। भारत विश्वगुरु बनने एवं विश्व नेतृत्व करने में सक्षम होगा। भारत ने जापान को पछाड़ कर जो छलांग लगायी है, इसके पीछे जापान की अर्थव्यवस्था के सामने कई चुनौतियों रही है। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, 2025 में जापान की जीडीपी ग्रोथ रेट केवल 0.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो भारत की 6.5 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है। जापान की उम्रदराज आबादी और लो बर्थ रेट ने लेबर फोर्स को सीमित कर दिया है। अमेरिका और अन्य देशों द्वारा लगाए गए टैरिफ और व्यापार नीतियों ने जापान की निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। जापान की अर्थव्यवस्था कई दशकों से स्थिरता के लिए संघर्ष कर रही है, जिसके कारण वह भारत जैसे तेजी से बढ़ते देशों से पिछड़ गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह भी कहा कि भारत की विकास दर 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है। इससे स्पष्ट है कि भारत अब सिर्फ जनसंख्या में ही नहीं, अर्थव्यवस्था के मामले में भी दुनिया में सबसे आगे निकलने की रेस में है। ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ने से ये विकास दर बनी रहेगी। हालांकि, ग्लोबल अनिश्चितता और ट्रेड टेंशन की वजह से इसमें थोड़ा असर पड़ सकता है।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, उनके अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 19 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1,40,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है। इन आर्थिक उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन हर हाथ को काम का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने जापान को पीछे छोड़ चौथी अर्थ-व्यवस्था बन गयी है। भारत ने अनेक आर्थिक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। लेकिन भारत के सामने चुनौतियां भी नयी-नयी शक्लों में उभर रही है। नयी आर्थिक उपलब्धियों एवं फिजाओं के बीच धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। पलायनवादी सोच के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों एवं नीति नियामकों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। तभी समृद्ध हो या प्रतिभाशाली व्यक्ति अपने ही देश में सुख, शांति, संतुलन एवं सह-जीवन का अनुभव कर सकेगा और पलायनवादी सोच से बाहर आ सकेगा। करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहे। भारत के अति समृद्धशालियों की संख्या समूचे विश्व में सर्वाधिक है। इन समृद्धशालियों से उम्मीद यह की जाती है कि देश में रहकर समृद्धि हासिल करने वाले समय आने पर देश को लौटाएंगे भी। तभी देश आर्थिक दृष्टि से दुनिया की महाशक्ति बनने की दिशा में तीव्रता से गति कर सकेगा। सवाल यही है कि देश को लौटाने और फायदा देने का वक्त आता है तब धनाढ्यों में एकाएक विदेश में जाकर बसने की ललक कैसे और क्यों पैदा हो रही है? अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के समय इस तरह की पलायनवादी सोच का उभरना व्यक्तिगत स्वार्थ, सुविधा एवं संकीर्णता को दशार्ता है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है। सदियों पहले भारत एक विकसित सभ्यता एवं सोने की चिड़िया रहा है। भारत हर दृष्टि से समृद्ध देश रहा है। अंग्रेजों की बेड़ियों में जकड़ने से पहले मध्यकालीन दौर में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी रहा। विदेशी आक्रांताओं ने देश को लूटा। इतिहास में झांकें, तो लग सकता है कि मौर्य साम्राज्य की तरह एक बार फिर भारत समृद्धि के शिखर पर आरोहण करते हुए नए आर्थिक सफर एवं दुनिया की बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के लिये साजो-सामान तैयार कर रहा है। मॉर्गन स्टेनली के विशेषज्ञों ने कुछ ही समय पहले कहा है कि अगले दस साल भारत के लिए कुछ वैसे ही तेज विकास का समय होगा, जैसे चीन ने 2007 से 2012 के बीच देखा। आज के भारत में राजनीतिक एकता और सैन्य सुरक्षा के साथ पूरे इलाके का एक आर्थिक तंत्र भी विकसित हो रहा है। आर्थिक समृद्धि का दौर शुरू हुआ है तो इसके बाधक तत्वों पर विचार करना ज्यादा जरूरी है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक अशोक कौशिक द्वारा फाल्गुन बुक्स एंड प्रिन्टर्स, ए-1/185 स्वदेशी कॉम्पलैक्स, कविनगर इंडस्ट्रीयल एरिया, गाजियाबाद- 201001 से छपवाकर 308 अंसल सुमैधा बिल्डिंग, आर.डी.सी. राजनगर गाजियाबाद से प्रकाशित।

| | | |
|---|---|---|
| **सम्पादक** | : | **अशोक कौशिक** |
| **समाचार सम्पादक** | : | **राकेश शर्मा** |
| **कानूनी सलाहकार** | : | राजकुमार शर्मा, प्रदीप त्यागी, विकास त्यागी |
| मो. | : | 9810149213 |
| फोन | : | 0120-4113213 |
| E-mail | : | hindatma@gmail.com |

**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा।**




**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

ई-निविदा सूचना 06/W/2025-26/EUDC-III दिनांक 26.05.2025

कार्य का नाम:- 33 के०वी० ओवरहैड लाईन को भूमिगत करने का कार्य।

ई-निविदा प्रपत्र शुल्क: रू0 3540 | धरोहर राशि: रू0 10485

ई-निविदा की अंतिम तिथि : 11 जून 2025, 11:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-तृतीय पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 33/11 के0वी0 उपस्थान गांधीनगर, गाजियाबाद।

पत्रांक : 5200/वि0न0वि0मण्डल-तृतीय/गा०बाद दिनांक: 26/05/2025

राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

# मेरठ में 'कर्मवीर सम्मान समारोह' की गौरवमयी शाम

## पत्रकारों, शिक्षकों और समाजसेवियों को मिला विशिष्ट सम्मान

### कलम की धार को सलाम: मेरठ में पत्रकारिता, शिक्षा और सेवा के नायकों का भव्य सम्मान

**हिन्द आत्मा संवाददाता**




**मेरठ।** सोशल मीडिया एसोसिएशन ने आरकेबी फाउंडेशन और ऑल इंडिया न्यूजपेपर एसोसिएशन (आईना) के सहयोग से रविवार शाम प्रशासन, पत्रकारिता, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले कर्मयोगियों का सम्मान किया। अलेक्जेंडर क्लब में आयोजित इस भव्य कर्मवीर सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे सोशल मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील डांग ने कहा कि पत्रकार का कार्य सवाल उठाना और समाज का मार्ग प्रशस्त करना है। खबरों में विश्वसनीयता से ही समाज में साख और स्वीकार्यता बनती है। पत्रकारों को अपने आत्मसम्मान से कभी समझौता नहीं करना चाहिए। यदि आप ईमानदारी से अपना कार्य करते रहें, तो समाज में आपके संबंध बड़े लोगों से भी प्रगाढ़ होते चले जाते हैं। ऐसे में आप समाज के आम जरूरतमंद लोगों की मदद भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खबरों की रफ्तार बढ़ गई है। अब खबरों की दुनिया में भी हाईवे बन गए हैं, पहले यहां केवल 'माईवे' होते थे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ से आए राज्य सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह ने कहा कि भारत का पहला हिंदी अखबार 'उदंत मार्तंड' 30 मई 1826 को प्रकाशित हुआ था। इसी कारण हम 30 मई को पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाते हैं। इस बार यह दिन 200 साल पूरे कर रहा है। तब से अब तक पत्रकारिता की दुनिया बहुत बदल चुकी है। प्लेटफॉर्म बदले हैं-अखबार के बाद रेडियो आया, फिर टीवी और उसके बाद इंटरनेट ने सूचना जगत में तहलका मचा दिया। आज पूरी दुनिया एक 'खबर संसार' में बदल गई है, जहां पलभर में सूचनाएं पूरी दुनिया में पहुंच जाती हैं। उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर औसतन पांच अरब लोग प्रतिदिन 24 में से तीन घंटे सोशल मीडिया पर बिता रहे हैं। अब जीवन, व्यवहारिक रूप से, केवल 21 घंटे का रह गया है। इंटरनेट पर हर तरह की जानकारी उपलब्ध है-आप इससे आईएएस बन सकते हैं, वैज्ञानिक भी और अपराधी भी। यह आपके ऊपर है कि आप अपने मस्तिष्क में कचरा भर रहे हैं या जीवन के लिए उपयोगी ज्ञान। दिमाग को जो खुराक देंगे, वही वह लौटाएगा।

राजेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि जैसे-जैसे प्लेटफॉर्म बदले, पत्रकारों की चुनौतियां भी बढ़ीं। इंटरनेट पत्रकारिता ने विचारों के स्तर पर एकरूपता और टकराव की संभावनाएं बढ़ाई हैं। इन खतरों का समाधान खोजना होगा। बदलाव प्रकृति का नियम है, पर यह बदलाव सकारात्मक और सर्जनात्मक हो—यह हमें सुनिश्चित करना है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मेरठ के पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि समय के साथ तकनीक बदलती है और नई तकनीक नई चुनौतियां लेकर आती है। जब हमने बड़े रास्तों की चाह की, तो हाईवे बने। हाईवे बने तो दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ी। लेकिन आप दुर्घटनाओं के डर से चौड़े रास्ते बनाना बंद नहीं कर सकते। इसके समाधान तलाशने होंगे। उन्होंने कहा कि संचार और सूचना क्रांति ने जो विस्फोट किया है, उससे बचा नहीं जा सकता। आपके पास जो सूचनाएं आएं, वे सर्जनात्मक हों-उस्तरा सर्जन का हो, कातिल का नहीं, यह व्यवस्था हमें करनी होगी। समस्या गलत लोगों की सक्रियता नहीं, बल्कि सही लोगों की निष्क्रियता की है। आज भी समाज का ताना-बाना अच्छे लोगों की सक्रियता से बना हुआ है। ऐसे लोगों को सोशल मीडिया पर सक्रिय होना ही होगा।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे डॉ. एम.के. बंसल ने कहा कि उनका रवि विश्नोई से पचास साल से अधिक का संबंध है। उन्होंने समाज और पत्रकारिता के लिए जो कार्य किए हैं, वे सराहनीय हैं। उनके पुत्र अंकित बिश्नोई भी उनके कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। सुनील डांग भी सोशल मीडिया एसोसिएशन के माध्यम से पत्रकारिता की दिशा में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। लोकतंत्र में कोई भी देश पत्रकारिता के चौथे स्तंभ के बिना प्रगति नहीं कर सकता। आरकेबी फाउंडेशन के चेयरमैन रवि विश्नोई ने कहा कि पत्रकारों को डरना नहीं चाहिए। यदि आपकी कलम में धार है तो सिस्टम आपका लोहा मानेगा। समाज में भी आपकी स्वीकार्यता बढ़ेगी। आलोचना पत्रकार के लिए सम्मान स्वरूप होती है। अंकित बिश्नोई ने विशेष प्रवर्तन प्रस्तुत किया। राष्ट्रपति अवार्ड विजेता सरबजीत कपूर ने अतिथियों का स्वागत किया।

भाजपा नेता अंकित चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। संयोजक और पूर्व कार्यवाहक सूचना उपनिदेशक सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि आजादी के समय भारत में पत्रकारिता की ताकत की तुलना अकबर इलाहाबादी ने तोप से की थी। आज पत्रकारिता की शक्ति को कमजोर करने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसे में मीडिया कर्मियों को आजादी के दौर की पत्रकारिता से प्रेरणा लेनी चाहिए।

**सम्मान की झलक:** कार्यक्रम में कर्मवीरों को पगड़ी और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्हें तुलसी का पौधा और प्रशस्ति पत्र भी भेंट किए गए। सम्मान की शुरूआत अन्नपूर्णा ट्रस्ट में सेवा कार्य करने वालीं वकीला बेगम से हुई।

सम्मानित प्रतिभाओं में ये रहे शामिल:- पत्रकारिता क्षेत्र से: पुष्पेंद्र शर्मा (पूर्व संपादक, हिंदुस्तान), नीरकांत राही (पूर्व संपादक, अमर उजाला), सुशील कुमार (पीटीआई), राजेश शर्मा (सेव इंडिया न्यूज), डॉ. रविंद्र राणा (पॉलिटिकल अड्डा डॉट कॉम), शरद व्यास (दैनिक जागरण और जॉली टाइम्स), सलीम अहमद (हिंदुस्तान) शालू अग्रवाल दैनिक भास्कर से

प्रशांत कौशिक, शशांक अवस्थी, पन्ना मोहन शाक्य, पुष्कर कुमार, आबिद अली (फोटो जर्नलिस्ट), आर.एन. धामा (पूर्व एडिशनल कमिश्नर), शैलेंद्र चौधरी, अवधेश कुमार, नईम कुमार।

**शिक्षा क्षेत्र से:** डॉ. वी. के. शर्मा (पूर्व प्राचार्य, बदायूं पीजी कॉलेज), डॉ. मनमोहिनी आर्य (प्राचार्य, सनातन धर्म डिग्री कॉलेज), एन. पी. सिंह (प्राचार्य, सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल), रीता देवी (प्राचार्या, जगदीश शरण कन्या इंटर कॉलेज)।

**साहित्य और कला क्षेत्र से:** निर्मल गुप्ता, डॉ. सुधाकर आशावादी, कवि ईश्वर चंद गंभीर, विनय नौक, डॉ. शुभम त्यागी, रंगकर्मी भारत भूषण, विनोद बेचैन।

**समाजसेवा और नागरिक योगदान:** करुणा घिल्डियाल, अनिता राणा, हिना रस्तोगी, ज्योति बालियान, वरिष्ठ नागरिक सत्यप्रकाश गोयल, वीरेंद्र सिंह ललसाना, डॉ. प्रदीप शुक्ला, डॉ. ज्योति शुक्ला, एडवोकेट प्रकाश वीर शास्त्री, देवी शरण, नवीन जैन, रामकुमार शर्मा एडवोकेट, सुशील कंसल, नितिन गुप्ता आदि।

# भारी बरसात के बाद भी अर्हं ध्यान योग शिविर में रही हजारों की भीड़




**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति कविनगर एवं ओम अर्हं सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में परम पूज्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित 'अर्ह ध्यान योग' शिविर रामलीला मैदान कवि नगर मैं हजारों की संख्या में ध्यान योग प्रेमी लोगों ने गाज़ियाबाद ही नहीं दूर दराज के क्षेत्रों से आकर शिरकत की और इस बात का एहसास कराया कि अभी भी लोगों में ध्यान और योग के प्रति प्रेम और श्रद्धा है और उन्हें अपने शरीर व मन को स्वच्छ व स्वस्थ रखने के लिए कुछ नया सीखते रहना है। इस अवसर पर मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर महाराज ने कहा कि योग स्वस्थ तन, प्रसन्न मन, निर्मल चेतन की यात्रा है। आज अर्हं ध्यान योग की यह यात्रा देश विदेश के करोड़ों लोगों के जीवन का कायाकल्प कर रही है इसी कड़ी में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति कविनगर गाज़ियाबाद की ओर से कविनगर के रामलीला मैदान में अर्हं ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया है। आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी से जो लोगों को टेंशन तनाव और तमाम शारीरिक बीमारियां उत्पन्न हो रही है वे लोग अर्हं ध्यान योग शिविर में शामिल होकर के ध्यान और योग मुद्रा सीख कर प्रतिदिन इसे अपने घर पर करके तनाव व तमाम बीमारियों आदि से छुटकारा पाकर जीवन में शांति प्राप्त कर रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति को आज के इस दौर में ध्यान और योग जरूर करना चाहिए इसी उद्देश्य से लोगों को जागृत करने के लिए यह शिविर लगाया गया है। महाराज श्री ने इस अवसर पर अनेकों मुद्रा ध्यान और योग की बतायी और उन्हें लोगों को करवाया लोगों ने बड़े ही तल्लीन होकर के ध्यान और योग मुद्रा की और उसे अपने जीवन में उतारने का वचन दिया। अंत में महाराज श्री ने कहा कि आप सभी को जीवन में शाकाहार अपनाना चाहिए शाकाहारी व्यक्ति अधिकतम स्वस्थ रहता है और टेंशन तनाव से मुक्त रह कर के स्वस्थ जीवन जीता है। आप सभी सपरिवार ध्यान और योग जरूर हाँ सुबह कुछ समय अवश्य करें जो आपके जीवन के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। मेरा सभी को बहुत बहुत आशीर्वाद आप सभी के जीवन में सुख-शांति और खुशियां बनी रहें और आप लोग जीवन में आगे बढ़कर समाज व देश की सेवा करते रहें।

# बुखार पीड़िता 15 वर्षीय बेटी रुचि गुप्ता की गलत इंजेक्शन लगने से हुई थी मृत्यु, इंसाफ मांगने पर पुलिस ने परिजनों पर किया लाठीचार्ज

**हिन्द आत्मा संवाददाता**



*पोरवाल समाज ने की मांग घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर परिजनों एवं पुलिस की पिटाई से हुए घायलों को समुचित मुआवजा दिया जाए*

**छिबरामऊ।** पोरवाल समाज सेवा समिति का एक प्रतिनिधिमण्डल मुख्य संरक्षक सुधीर चंद्र पोरवाल के नेतृत्व में जनपद कन्नौज के तहसील छिबरामऊ के ग्राम बेहटा खास में श्री राजेश कुमार गुप्ता के निवास स्थान पर उनके पीड़ित परिवार से जाकर मिला। पीड़ित परिवार पर सरकारी अत्याचार की आप बीती सुन कर और मृतक बेटी के परिवारी जनों एवं महिलाओं के ऊपर हुए अत्याचार को सुन कर दल के सदस्यों कि आत्मा कांप उठी कि वैश्य समाज कितना असहाय है कि मृतक बेटी को मरे हुए एक सप्ताह हो चुका है किन्तु अभी तक न्याय नहीं मिल पाया है। दल कि सदस्यों को बताया गया कि राजेश कुमार गुप्ता की बुखार पीड़ित 15 वर्षीय बेटी रुचि गुप्ता उर्फ लाडो की 18 मई 2025 को डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन देने से मृत्यु हो गई थी, बेटी के मरने के उपरांत शाम को श्री कृष्णा हॉस्पिटल के डॉक्टर/स्टाफ पर कार्रवाई की मांग को लेकर जब परिवार के लोग एकत्र हुए तभी वहां पुलिस आ गई और उन्होंने ने पीड़ित परिवार की महिलाओं को लातों से पीटा और परिवारी जनों पर लाठी चार्ज किया जब इस घटना के विरोध में अगले दिन छिबरामऊ में सर्व समाज के लोग इकट्ठे हुए और कोतवाली में इंसाफ मांगने के लिए पहुंचे और उन्होंने पीड़ित परिवार के साथ इंसाफ करने की बात की और अस्पताल के ऊपर कारवाई करने की मांग की तो वहां पुलिस ने पीएसी के साथ मिलकर लोगों के ऊपर लाठी चार्ज किया। जिस कारण भगदड़ और लाठी की मार के कारण कई लोगों को चोटें आई जिसके कारण लोगों में बहुत रोष है। घटना बहुत ही दुखद है और लाठी चार्ज करना निंदनीय है बिटिया की असामयिक हुई मृत्यु की वैश्य समाज कड़ी निंदा करता है और सरकार से मांग करता है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोष्यिों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए तथा बिटिया के परिजनों एवं पुलिस की पिटाई से हुए घायलों को समुचित मुआवजा दिया जाए। प्रतिनिधिमंडल में सुधीर चंद्र पोरवाल के अलावा गोविंद पोरवाल, श्रीकांत पोरवाल, मनोज गुप्ता, ओम प्रकाश पोरवाल एवं नवीन चंद्र पोरवाल सम्मलित थे।

# वटसावित्री पर्व एक संकल्प: स्वामी चिदानन्द सरस्वती

## परमार्थ निकेतन में आयोजित 34 दिवसीय श्री राम कथा आज वट सावित्री पर्व के अवसर पर नारी शक्ति को समर्पित










हिन्द आत्मा संवाददाता

**ऋषिकेश।** परमार्थ निकेतन में आयोजित श्री राम कथा का 34 वां दिन वट सावित्री पर्व और नारी शक्ति को समर्पित किया। यह पर्व सनातन संस्कृति का अमूल्य अंग है, यह परिवार, परंपरा, और प्रकृति के संरक्षण की गहरी श्रद्धा का भी प्रतीक है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण बचाने के लिए यमराज से प्रार्थना की, जो नारी की दृढ़ता, विश्वास और त्याग का अद्भुत उदाहरण है। वट वृक्ष के प्रति श्रद्धा प्रकृति के प्रति आदर का प्रतीक है, साथ ही यह जीवन और प्रकृति के अटूट संबंध को दशार्ता है। वृक्ष, जीवन दाता हैं, वट सावित्री पर्व यह संदेश देता है कि प्रकृति के संरक्षण के बिना हमारा अस्तित्व असंभव है। स्वामी जी ने कहा कि नारी, शक्ति वह आधार है जो परिवार को मजबूत करती है, संस्कारों को जीवित रखती है, और प्रकृति के संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाती है। वट सावित्री के व्रत और पूजा के माध्यम से नारी शक्ति ने सदियों से परंपराओं को संजोया है, जो आज भी हमें आध्यात्मिक और सामाजिक दिशा प्रदान कर रही है। नारी, परिवार की जीवन धारा है, वह संस्कारों की संरक्षक और प्रकृति की संवर्द्धक भी है। व्रत, त्योहार और परंपराएं नारी के माध्यम से परिवार में सजीव रहते हैं। वे अपनी आस्था, सेवा और तपस्या से सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन बनाने हेतु महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। नारी शक्ति अपने सपनों का बलिदान कर अपनों के लिए जीती है। वट सावित्री पर्व एक संकल्प है, अपने संस्कारों, अपने परिवार और अपनी प्रकृति को अक्षुण्ण बनाए रखने का। नारी वह शक्ति है जो संस्कृति को संजोती है, व्रत से ऊर्जा देती है और अपने आचरण से समाज को दिशा देती है। वट, अर्थात अक्षय, उसी तरह नारी अपने परिवार के सौभाग्य और खुशहाली को अक्षय बनाए रखने के लिए सब कुछ समर्पित कर देती है। नारी के बिना परिवार अधूरा है। नारी, शक्ति भी हैं और संस्कृति भी, नारी केवल परिवार ही नहीं पूरा संसार है। कथाव्यास संत मुरलीधर जी ने आज श्री राम कथा में माता सीता के चरित्र और उनके त्याग, धैर्य और भक्ति की गाथाएँ सुनाई, जो आज के युग की नारियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। श्री राम जी और माता सीता के आदर्श परिवार की स्थापना नारी शक्ति के समर्पण के बिना संभव नहीं थी। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने सभी भक्तों व श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे हर वर्ष कम से कम दो पौधों का रोपण, संरक्षण और संवर्द्धन करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भारत को लगभग 400 से 500 करोड पौधों की आवश्यकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इस दिशा में सक्रिय योगदान देना होगा। हर परिवार को अपने सदस्यों की संख्या के अनुसार पौधारोपण अवश्य करना चाहिए, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ, हरित और सुरक्षित पर्यावरण दे सकें। यह प्रकृति सेवा ही सच्ची देश सेवा और धर्म सेवा है।

## कण्डेरे करन समाज कल्याण संगठन ने मनाई 40वीं वर्षगांठ





हिन्द आत्मा संवाददाता

**नई दिल्ली।** कण्डेरे करन समाज कल्याण संगठन (रजि०) दिल्ली प्रदेश ने अपना 40वीं वर्षगांठ अपनी निमार्णाधीन धर्मशाला के पास नत्थूपुरा चौक बुराड़ी में मनाई जिसके तहत बिस्कुट केले और मीठे शरबत का वितरण किया। इस संगठन ने इन चालीस वर्षों में काफी काम किए हैं जैसे कि समाज को गौरवान्वित करने वाला उपनाम देना।, तेहरवीं में एक रुपया का नियम लाना।, आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं का विवाह करना।, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की आर्थिक मदद करना।, पारिवारिक विवादों को सुलझाना।, समाज के लोगों के सरकारी प्रमाण पत्र बनवाना।, समाज के हर व्यक्ति के साथ हर समस्या में सहयोग करना।, गोवर्धन में धर्मशाला का निर्माण करना।, बुराड़ी में निमार्णाधीन धर्मशाला का निर्माण कराना (कोर्ट केस के कारण निर्माण कार्य अधूरा है)।

संगठन के संयोजक एवम्-संस्थापक सदस्य कंछी लाल ने संगठन के पदाधिकारियों, सदस्यों और समाज बंधुओं को बधाई दी संगठन अच्छे कार्य करे सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को संकल्प दिलाया। संगठन के अध्यक्ष धर्मपाल ने कहा कि संगठन भविष्य में समाज से जुड़े अच्छे कार्य करता रहेगा। संगठन के युवा उपाध्यक्ष योगेंद्र कुमार (योगी) ने कहा कि बुराड़ी धर्मशाला का निर्माण कराना, समाज एकता करना, शिक्षित समाज और समाज तरक्की ही हमारा लक्ष्य है। संगठन के कार्यकारी महासचिव सूरज प्रकाश ने कहा कि संगठन पूरे समाज को दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करने के लिए समर्पित है। गाजियाबाद के बीजेपी नेता वीरेंद्र कुमार कंडेरे ने संगठन के चालीस वर्ष से समाज सेवा के लिए बधाई दी और कहा कि संगठन ऐसे ही काम करता रहे। इस अवसर पर संगठन के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे राजेंद्र निर्वाण, कल्याण सिंह, गिरिराज, नरेश, नितिन, त्रिलोक, राम रतन, संजय, संजीव, दिनेश, देवेंद्र, दिनेश, रणबीर आदि। करन समाज कल्याण संगठन (पश्चिमी दिल्ली दिल्ली प्रदेश) अध्यक्ष गजराज सिंह, महासचिव दीवान सिंह, सतीश चंद्र, नानक, मुकेश गौड़, उमाशंकर, सोनू (प्रचारमंत्री) और काफी संख्या में समाज बंधुओं ने अपना योगदान दिया और इस पावन वेला के हिस्सा बने।

## विकास दीक्षित के चमत्कार से एलबी शास्त्री क्लब चैम्पियन

**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** बाडीकेयर कप नवम संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच मे विकास दीक्षित अविजित 53 रन व 04-02-12-04 के बल्ले व गेद से चमत्कारिक प्रदर्शन द्वारा एलबी शास्त्री क्लब, दिल्ली ने एचसीए पायनियर क्लब को 14 रनो से हरा कर बाडीकेयर कप पर कब्जा कर लिया। टास जीत कर एचसीए पायनियर ने वर्षा बाधित मैच मे निर्धारित 20-20 ओवर मुकाबले मे पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया तथा आईपीएल खिलाड़ी राजन कुमार की कसी गेंदबाजी 04-01-10-03 से एलबी शास्त्री क्लब को 136 रनो पर रोक दिया केवल विकास दीक्षित ने अविजित 53 रन 43 गेद व सूरज 45 रन 56 गेद ने ही तूफानी गेंदबाजी का प्रतिरोध कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया, लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलबी शास्त्री को यथार्थ सिंह ने पहले ओवर मे ही 2 विकेट लेकर जबरदस्त नुकसान किया मात्र गौरव तोमर 63 रन 42 गेद ने साहसिक प्रयास किया परन्तु विकास दीक्षित की फिरकी गेंदबाजी ने 4 विकेट लेकर टीम को 122 रनो पर रोक कर टीम को चैम्पियन बना दिया।

मुख्य अतिथि प्रवीण त्यागी सीएमडी वीवीआईपी ग्रुप व संजय डाबर डायरेक्टर बाडीकेयर ने विकास दीक्षित को मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द टूनार्मेंट, अरनव बुगा को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, व विवेक तिवारी को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के पुरस्कार के साथ विजेता कप्तान मोहित एहलावत को बाडीकेयर कप व उपविजेता टीम कप्तान विजन पांचाल को ट्रॉफी प्रदान की तथा दोनो ही टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 1-1 किट, किटबैग,जूते,चश्मे, व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। दस उदीयमान अन्डर 19 खिलाडियो, धनंजय सिंह, शौर्य सिंह, हितेश कुमार, हर्षवर्धन भारद्वाज, अर्जुन शर्मा, राघव, माधव, यथार्थ, हार्दिक रहेजा, दक्ष भारद्वाज को 1-1 बैग व किट देकर प्रोत्साहित किया गया। संदीप आनन्द व कमल शर्मा ने सहायक मैदान स्टाफ को उपहार देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष विश्वजीत सिंह व राजेन्द्र चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन आलोक सक्सैना व अंशु सूरी व प्रोफेसर श्वेता सूरी ने किया। इस अवसर पर अजय जी डायरेक्टर चार्मस ग्रुप, महेश गोयल, मुकेश गुप्ता, दिनेश शर्मा, राजेश गोयल, सुनित जैन, पूर्व ओलंपियन हरबस सूरी नीलम सूरी, विपुल अग्रवाल, हेमन्त कौशिक, राजकुमार शर्मा, हरीश शम्मी, योगेश त्यागी, कमल निगम, दीपक त्यागी, केके दीक्षित, प्रिंस कौशिक, बिजेंद्र शर्मा, जयंत सनवाल, अतुल शर्मा, मनीष कुंवर, आदि उपस्थित रहे।

**प्रमुख स्कोर :-** एलबी शास्त्री क्लब: 136 रन 5 विकेट पर 20 ओवर मे सूरज 45 रन ( 3 चौक्के, 1 छक्का) विकास दीक्षित 53 रन (2 चौक्के 3 छक्के) राजन कुमार 04-01-10-03 एचसीए पायनियर :122 रन 9 विकेट पर 20 ओवर में अर्श कबीर 20 रन (2 चौक्के) गौरव तोमर 63 रन ( 7 चौक्के 3 छक्के) विकास दीक्षित 04-01-15-04 यथार्थ सिंह 04-01-15-03।



## भाबर क्षेत्र में मालन पुल सहित सात योजनाओं का हुआ लोकार्पण

### दो साल बाद क्षतिग्रस्त मालन पुल की हुई मरम्मत

हिन्द आत्मा/नितिन कुमार





**कोटद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज यहां भाबर क्षेत्र में चिल्लरखाल-पाखरो मोटर मार्ग पर पुनः निर्मित मालन पुल के सुरक्षात्मक कार्य सहित कुल सात निर्माण कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया। दो साल पूर्व अवैध खनन व बाढ़ की चपेट में आकर कमजोर हुए मालन नदी का पुल ढह गया था। इस अवधि में जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रह था। इस मुद्दे पर स्पीकर ऋतु खण्डूड़ी की शासन के एक अधिकारी से गर्मागर्मी भी हुई थी और विभाग की हीलाहवाली भी सामने आई थी। लम्बे अर्से के बाद करोड़ों खर्च कर क्षतिग्रस्त पुल को आज फिर से यातायात के लिए खोला गया। मुख्यमंत्री धामी ने आज जनता को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि मालन सेतु का पुनर्निर्माण राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। इस पुल के शुरू होने से कोटद्वार एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। कोटद्वार के विकास के लिये भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम किया जा रहा है। कोटद्वार में जहां नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत 135 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है, वहीं 691 करोड़ की लागत से कोटद्वार में चार लेन बाईपास और कोटद्वार-नजीबाबाद डबल लेन सड़क का निर्माण भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोटद्वार-पौड़ी-श्रीनगर सड़क को भी अब डबल लेन में अपग्रेड किया जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कोटद्वार रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया जा रहा है। सिद्धबली-कोटद्वार से दिल्ली तक नई ट्रेन सेवा भी शुरू हो चुकी है। कोटद्वार में अस्पताल और बस स्टैंड टर्मिनल का भी निर्माण प्रगति पर है।

उन्होंने कहा कि कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के लिये लिये कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर विद्यालय के लिये भूमि हस्तांतरित कर दी गई है। सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूडी ने कहा कि कोटद्वार में मुख्यमंत्री के सहयोग से लगातार विकास कार्य कराये जा रहे हैं। क्षतिग्रस्त मालन पुल का कार्य भी तेजी से पूरा किया गया है। इस मौके पर नगर निगम कोटद्वार मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान मौजूद थे।

## जिलाधिकारी ने किया नंदीशाला और सीवेज प्लांट का निरीक्षण




हिन्द आत्मा/नितिन कुमार

**कोटद्वार।** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने आज यहां विभिन्न स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने झंडीचौड़ क्षेत्र में प्रस्तावित एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर व नंदीशाला की निमार्णाधीन भूमि का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को भूमि की उपयोगिता की पुनः जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोरी), सिम्मलचौड़ का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कोटद्वार में महिला नशा मुक्ति केंद्र खोला जायेगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र जिले का पहला महिला नशा मुक्ति केंद्र होगा जो किशोरियों के पुनर्वास में अहम भूमिका निभाएगा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने काशीरामपुर तल्ला में 135 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार साक्षी उपाध्याय, जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित दुबड़िया, जिला प्रोबेशन अधिकारी अरविंद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

## सतीश नेहरा दोबारा चुने गए मोदीनगर जाट समाज कल्याण संस्था के अध्यक्ष






**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** जाट समाज कल्याण संस्था मोदीनगर द्वारा मोदी मोदी कंपलेक्स परिसर स्थित कार्यालय पर एक आवश्यक बैठक का आयोजन कर संगठन कार्यकारिणी के कार्यकाल समाप्ति को लेकर संगठन चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया। बैठक में आम सहमति से सतीश नेहरा को दोबारा से 3 वर्ष के लिए अध्यक्ष एवं लक्ष्मण राठी को महासचिव चुना गया।बैठक में उपस्थित सभी जाट समाज गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें फूल माला पहनाकर शुभकामनाएं दी।

जाट समाज कल्याण संस्था मोदीनगर संगठन चुनाव को लेकर बुलाई गई बैठक में मौजूद रहे मुख्य लोगों में संस्था के संरक्षक पूर्व प्रधानाचार्य सुखवीर सिंह, चौ० नेपाल सिंह, चौ० जगबीर सिंह बीडीसी, मास्टर सोहनवीर सिंह, प्रो० सत्यवीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, भाकियू नेता चौ० धर्मेन्द्र नेहरा उर्फ पप्पी, बाबा परमेन्द्र आर्य, बाबा रामनारायण पूर्व सभासद संजीत नेहरा, सतीश तेवतिया, शोविन्द चौधरी, सुनील नेहरा, अनिल नेहरा, शोकेन्द्र चौधरी, विनोद कुमार नेहरा, ओमपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद रहे इन सभी उपरोक्त जाट समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने आपसी विचार विमर्श करने के पश्चात सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर सतीश नेहरा एवं महासचिव पद पर लक्ष्मण सिंह राठी को दोबारा से 3 वर्षों के लिए चुनते हुए उन्हें अपनी पूरी कार्यकारिणी बनाने की इजाजत दी। जिसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने सतीश नेहरा एवं लक्ष्मण राठी को फूल मालाएं पहनाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

### किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उ०प्र० के पैरामेडिकल विज्ञान संकाय के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री ज्ञान मंदिर के ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 439वाँ युगऋषि वाङ्मय की स्थापना सम्पन्न

## ज्ञानदान पूर्वजों के लिये सच्ची श्रद्धांजलि है: उमानन्द शर्मा

हिन्द आत्मा संवाददाता





**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 'किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उ०प्र० के पैरामेडिकल विज्ञान संकाय, लखनऊ, उ०प्र०' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं० श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 439वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम केजीएमयू के कलाम सेंटर में सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री डॉ0 नीलम गुप्ता ने अपने दिवंगत सास-ससुर स्व० श्रीमती विद्या देवी गुप्ता एवं स्व० राम औतार गुप्ता की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, चिकित्सकों एवं उपस्थित अधिकारियों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की। वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान पूर्वजों के लिये सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर संस्थान के डॉ० पी०डी० सारस्वत, उनकी पत्नी श्रीमती रीता सारस्वत एवं डॉ० संगीता सारस्वत ने भी अपने विचार व्यक्त किये। स्थापना कार्यक्रम में गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, वी०के० श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह, डॉ० पी०डी० सारस्वत, डॉ० नीलम गुप्ता सहित संस्थान की प्रो० वाइस चान्सलर प्रो० अपजीत कौर, पैरामेडिकल साइंस के डीन प्रो० अनिल निश्चल सहित चिकित्सक एवं पैरामेडिकल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



### मुख्यमंत्री ने 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों और अतिरिक्त डॉरमेट्री का किया लोकार्पण

# बेसिक शिक्षा राष्ट्र निर्माण की नींव, हर विद्यालय में शिक्षक-छात्र अनुपात होगा सुनिश्चित: सीएम योगी











**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा को समाज और राष्ट्र की आधारशिला बताते कहा कि यह बच्चों के भविष्य को संवारने का सबसे मजबूत हथियार है। सोमवार को लोकभवन सभागार में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम उन्होंने 3300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। सीएम योगी ने शिक्षा के क्षेत्र में पिछले आठ वर्षों में हुए अभूतपूर्व बदलावों की सराहना की और भविष्य के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के कार्यों के एक नए मॉडल की रूपरेखा प्रस्तुत की। सीएम योगी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प, मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय और निपुण आकलन जैसे कार्यक्रमों के साथ उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्रदेश के 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों व अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण किया। साथ ही सीएम योगी ने 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा ₹1,200 की धनराशि उनके अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में जर्जर भवन, गंदगी और अव्यवस्था का बोलबाला था। छात्रों की कमी और ड्रॉपआउट दर अधिक थी। लेकिन ऑपरेशन कायाकल्प ने इस तस्वीर को बदल दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के लगभग सभी विद्यालय इस अभियान से जुड़ चुके हैं और शेष 2-3 प्रतिशत विद्यालय भी इस वर्ष कायाकल्प के दायरे में आ जाएंगे। इन स्कूलों में अब शौचालय, पेयजल, खेल मैदान, स्मार्ट क्लास, और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्कूलों में छात्रों की संख्या 800-1200 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा का एक नया मॉडल है, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के अवसर प्रदान कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षक और छात्र का अनुपात हर हाल में बनाए रखा जाएगा। शिक्षकों की कमी नहीं होगी। हर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक होंगे, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने बीएड और एमएड के छात्रों को निपुण आकलन कार्यक्रम में शामिल करने का सुझाव दिया, ताकि उन्हें फील्ड अनुभव मिले और वे स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी आधुनिक सुविधाओं से परिचित हो सकें। सीएम योगी ने कहा कि यह उनके लिए एक नया अनुभव होगा और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएगा।

सीएम योगी ने समर कैंप को बच्चों के समग्र विकास का माध्यम बताते हुए इसमें खेल, संगीत, नृत्य, नाटक और योग जैसी गतिविधियों को शामिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए हर विद्यालय में अभी से प्रशिक्षण शुरू हो। आयुष मंत्रालय के योग प्रोटोकॉल को लागू करें और बच्चों को तनावमुक्त करने के लिए इनडोर गतिविधियों को बढ़ावा दें। उन्होंने नवंबर-दिसंबर में स्कूली खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं को ब्लॉक, जनपद, मंडल और राज्य स्तर पर आयोजित करने की योजना के बारे में बताया, ताकि बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सके।

मुख्यमंत्री ने हर विधानसभा क्षेत्र में एक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 25-30 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले ये विद्यालय प्री-प्राइमरी से सीनियर सेकेंडरी तक एक ही कैंपस में सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे। साइंस, कंप्यूटर लैब, स्टेडियम, और मल्टीपर्पज हॉल के साथ ये स्कूल शिक्षा का एक नया मॉडल होंगे। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों को अटल आवासीय विद्यालयों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा जो बच्चों को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं देगा। सीएम योगी ने डीबीटी के माध्यम से 1.5 करोड़ से अधिक बच्चों को यूनिफॉर्म, बैग, जूते, मोजे, और स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये प्रति छात्र प्रदान करने की योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह धनराशि सीधे बच्चों के खाते में जाती है। अभिभावकों और शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि यह राशि बच्चों की जरूरतों पर ही खर्च हो। उन्होंने 'स्कूल चलो अभियान' को गति देने का निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षक और प्रधानाचार्य घर-घर जाकर 5-14 वर्ष के बच्चों को स्कूल से जोड़ें। गांव में कोई बच्चा स्कूल से वंचित न रहे। ढोल-नगाड़े के साथ नए बच्चों का स्वागत करें और स्वच्छता अभियान को विद्यालयों से जोड़ें।

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को गंभीरता से लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक देश के भविष्य को गढ़ते हैं। आपका सम्मान उन बच्चों में है, जिनके भविष्य को आप संवार रहे हैं। समय का सदुपयोग करें, क्योंकि समय किसी का इंतजार नहीं करता। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार का केंद्र बन गया है, जो बच्चों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रहा है।

सीएम योगी ने 7,409 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 5,258 विद्यालयों में आईसीटी लैब, शिक्षकों को 51,667 टैबलेट्स वितरण, 503 पीएम श्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी, राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान में स्थापित एडुकेशनल ब्रॉडकास्ट स्टूडियो, कक्षा 3 से 12 के छात्र-छात्राओं के स्मार्ट असेसमेंट हेतु निपुण प्लस एप, समस्त परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैंप नवाचार का शुभारंभ किया। साथ ही सीएम योगी ने निपुण आकलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 05 शिक्षकों का सम्मान, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा सृजन पुस्तकें 'सारथी' एवं 'अनुरूपण' का विमोचन किया। सीएम योगी ने लोकभवन में बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और बच्चों से उनकी प्रदर्शनी के बारे में बातचीत कर जानकारी ली। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार समेत कई अधिकारीगण व गणमान्य मौजूद रहे।

## चीफ सेक्रेटरी गुजरात जेपी गुप्ता का परमार्थ निकेतन में आगमन

### स्वामी चिदानन्द सरस्वती से भेंट कर विभिन्न समसामयिक विषयों पर हुई सार्थक चर्चा





हिन्द आत्मा संवाददाता

**ऋषिकेश।** परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में आज गुजरात राज्य के चीफ सेक्रेटरी जेपी गुप्ता का सपरिवार आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी से भेंट कर विभिन्न समसामयिक, सामाजिक व पर्यावरणीय विषयों पर विस्तृत चर्चा की। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने श्री गुप्ता को गंगा तट पर आयोजित दिव्य आरती में आमंत्रित करते हुये कहा कि आज भारत को ऐसे समर्पित और दूरदर्शी प्रशासकों की आवश्यकता है, जो आध्यात्मिक मूल्यों और सतत विकास को साथ लेकर आगे बढ सकें। इस भेंट के दौरान नदियों के संरक्षण, स्वच्छता अभियान, सतत विकास, जल स्रोतों के पुनर्जीवन, हरित भारत अभियान, पर्यावरणीय चेतना और युवाओं में नैतिक मूल्यों के संवर्धन जैसे विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि आज आवश्यकता है कि शासन और साधना साथ मिलकर राष्ट्र सेवा करें। उन्होंने कहा कि धार्मिक संस्थाओं और प्रशासनिक तंत्र के सहयोग से जल, जंगल और जीवन की रक्षा की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं। जल और जंगल हमारे जीवन के मूल हैं। जब तक हम इन्हें बचाकर नहीं रखेंगे, तब तक मानवता का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता। शासन, समाज और संत यदि पर्यावरण संरक्षण के लिये एक मंच पर आ जाएं, तो सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस पर जेपी गुप्ता ने कहा कि आज का युग पर्यावरणीय आपदाओं और सामाजिक विषमताओं का है, और ऐसे समय में परमार्थ निकेतन जैसे संस्थान समाज को एक नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। यहां की ऊर्जा, संकल्प और सेवा भाव अनुकरणीय है। स्वामी जी ने उन्हें हरित उपहार स्वरूप रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया और कहा कि पौधारोपण आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य की नींव रखता है।

## देश के लिए नागालैंड में शहीद हुए सीआईएसएफ उपनिरीक्षक पूनम कुमार की गौरव गाथा पट्टीका का अनावरण प्रो० डॉ०डी०के०मोदी द्वारा किया गया





**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर सीआईएसएफ के शहीद उप निरीक्षक पूनम कुमार की गौरव गाथा पट्टिका का सोमवार को प्रोफेसर डॉ० डी०के०मोदी अध्यक्ष डॉ०के०एन०मोदी फाउंडेशन द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य सहित सभी प्रोफेसर मौजूद रहे जिन्होंने शाहिद को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोमवार को मुल्तानी मल कॉलेज में बलिदान दिवस की याद में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ० के०एन०मोदी फाऊंडेशन अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ० डी०के मोदी सहित सीआईएसएफ की तरफ से सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार के अलावा मुल्तानी मल मोदी कॉलेज प्रिंसिपल प्रोफेसर दीपक अग्रवाल, डॉ० दीपांकर डायरेक्टर, सचिव संदीप कुमार यादव, वरिष्ठ अध्यापक गण प्रोफेसर वंदना शर्मा, प्रोफेसर हरीश कुमार समेत अनेक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर शहीद पूनम कुमार को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अमर शहीद के सर्वोच्च बलिदान को याद किया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार के द्वारा बताया गया कि शहीद पूनम कुमार नागालैंड में उग्रवादियों से अंतिम सांस तक लड़ते हुए अपने प्राणों को मातृभूमि के लिए न्योछावर कर दिया था। उन्होंने कहा ऐसे बलिदानी पर देश एवं नगर को गर्व है हम हमेशा उनके ऋणी रहेंगे।

## छोटे कदम जब बड़े इरादों से उठते हैं, तभी बदलाव की नींव रखी जाती है : तरुण विज







**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा चरण पादुका अभियान के तहत गाजियाबाद के कैलाश नगर स्थित सर्वहितकारी जूनियर हाई स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 85 नन्हे कदमों को चरण पादुका (जूते) उपलब्ध कराये गये। सोमवार को यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स फाउंडेशन ट्रस्ट संस्था के उपाध्यक्ष तरुण विज ने बताया कि स्कूल के द्वारा चिन्हित मासूम चेहरों की मुस्कुराहट ने हमें फिर याद दिलाया कि धर्म वही है जो किसी की जरूरत को पूरा कर सके। संस्था ने यह निर्णय लिया है कि इस वर्ष के सभी अभियान हमारे प्रेरणास्त्रोत, स्व० डॉ० केवल कृष्ण थम्मन की पावन स्मृति को समर्पित रहेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत उनकी याद में दो मिनट का मौन रखकर की गई ।तत्पश्चात संस्था सदस्यों द्वारा स्कूल के गरीब जरूर बच्चों को जूते पहने पहनाये गए। जूते पहनकर जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस विशेष सेवा के लिए स्व० डॉ० थम्मन के दामाद डॉ० उमेश कपूर पंजाब से इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इस आयोजन में संस्था के समर्पित सदस्यों में मौजूद रहे। रेशमा मनोचा, सुनीता शर्मा, अनिल बंसल, पूनम बंसल, प्रवीण कुमार शर्मा, तरुण विज, रुचि विज, विशाल माहेश्वरी, पंकज गर्ग, धर्मेंद्र रुहेला, गौरव मेहरा, ज्योति कालरा, अमित कुमार, अशोक कुमार, अंकित मनोचा, सचिन वधावन, ईशान गिरी, अमित बंसल, साहिल बंसल, अमिता बंसल, शोभित गुप्ता, आरुष गर्ग, सार्थक रुहेला आदि का योगदान अमूल्य रहा। विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्या शालिनी यादव एवं शिक्षकों में रंजीता सिंह, सुबोध कुमार, राम निवास शर्मा, अरुण कुमार, अवधेश कुमार, देवेश कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में दिल से सहयोग किया।

## सिपाही सौरभ की हत्या में फरार नन्हू और अब्दुल सलाम पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** मसूरी थाना पुलिस और स्वाट टीम देहात ने सिपाही सौरभ की हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों नन्हू और अब्दुल सलाम को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। सहायक पुलिस आयुक्त मसूर लिपी नगायच ने बताया कि आरोपियों की तलाश में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के अंडरपास के पास ग्राम नाहल से जंगल की ओर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी। रविवार 25 मई 2025 की रात को पुलिस ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने रुकने के बजाय पुलिस पर गोलीबारी की और भागने की कोशिश की। इस दौरान उनकी बाइक फिसल गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोलीबारी से दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम नन्हू पुत्र इल्यास और अब्दुल सलाम पुत्र अबरार, दोनों निवासी ग्राम नाहल, थाना मसूरी, गाजियाबाद, बताए। उन्होंने स्वीकार किया कि 25 मई 2025 की रात को नोएडा के फेस-3 थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर गोलीबारी और पथराव की घटना में शामिल थे, जिसमें सिपाही सौरभ के सिर में गोली लगने से उनकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने आरोपियों से दो तमंचे (315 बोर), दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस और एक स्पलेंडर बाइक बरामद की है। दोनों आरोपी थाना मसूरी में दर्ज सिपाही सौरभ की हत्या के मामले में वांछित थे।